# छत्तीसगढ़ की जीडीपी ने पकड़ी रफ्तार, झारखंड और उत्तराखंड को पीछे छोड़ा

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी विकास ने झारखंड और उत्तराखंड को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। छत्तीसगढ़ के प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी विकास पर सीएम साय ने ट्वीट किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो जारी कर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने लिखा- प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी के विकास में है निरंतर अग्रसर, झारखंड और उत्तराखंड से आगे निकला हमारा छत्तीसगढ़, समस्त प्रदेशवासियों को बधाई! मुख्यमंत्री ने बैक टू बैक 11 टवीट कर छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की सराहना की है।?




उन्होंने लिखा-हमारी सरकार नई औद्योगिक नीति से युवाओं के लिए, अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक रोजगार सृजित कर उनके बेहतर भविष्य हेतु प्रतिबद्ध है। प्रदेश की युवाशक्ति को रोजगार कुशल बनाने, हमने कौशल विकास के लिए युवाओं को 15,000 रुपये प्रतिमाह तक के प्रशिक्षण अनुदान देने का प्रावधान किया है।

हमारी सरकार नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में अग्निवीर, नक्सल पीड़ित परिवारों और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए अतिरिक्त रियायतें और आर्थिक सहयोग देगी। छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक सुंदरता को निखारते हुए, पर्यटन को एक सशक्त उद्योग के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके साथ ही, रिसर्च, इंजीनियरिंग और मनोरंजन जैसे उद्योगों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। नई औद्योगिक नीति से जगदलपुर में औद्योगिक क्षेत्र का समुचित विकास होगा।

यहां 118 एकड़ भूमि पर आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से हमारी सरकार बस्तर अंचल के क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, प्रदेश की नई औद्योगिक नीति में विशेष पैकेज से स्थानीय उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन।

15 लाख के सौदे में रजिस्ट्री शुल्क 40 हजार

छत्तीसगढ़ सरकार ने संपत्ति खरीदी में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। इसके तहत अब किसी भी प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री गाइड लाइन दर के अनुसार ही होगी। अगर आप 15 लाख की प्रापर्टी खरीदते है तो भी रजिस्ट्री शुल्क 10 लाख के अनुसार चार प्रतिशत यानि 40 हजार रुपये लगेगा।

यानि प्रापर्टी खरीद-बिक्री की सौदे की राशि अधिक भी है तो भी रजिस्ट्री शुल्क गाइडलाइन दर के अनुसार होगी। इससे बैंक लोन पर निर्भर मध्यम वर्गीय परिवार को वास्तविक मूल्य के आधार पर ऋण मिल सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले से उन नागरिकों को लाभ होगा, जो बैंक लोन लेकर संपत्ति खरीदते हैं।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इस संशोधन से मध्यम वर्गीय परिवारों को वास्तविक मूल्य के आधार पर अधिक बैंक लोन लेने में सहूलियत होगी। साथ ही यह निर्णय संपत्ति बाजार में पारदर्शिता व स्पष्टता को बढ़ाने में भी सहायक होगा और इससे वास्तविक मूल्य दर्शाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पत्नी-सास की बेरहमी से हत्या

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कोतबा इलाके में दोहरे हत्याकांड से सनसनी मच गई है। बताया जा रहा है कि यहाँ एक शख्स ने अपनी पत्नी और सास की बेरहमी से हत्या कर दी है। दो-दो क़त्ल की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को जब्त आकर लिया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे दोहरे हत्याकांड को पारिवारिक रंजिश और विवाद के चलते अंजाम दिया गया है। घटना कोतबा थाना क्षेत्र के खजरीढ़ाप गांव की है। सनकी दामाद ने विवाद के बाद पत्नी और सास की डंडो से अंधाधुन पिटाई की। इस हमले में माँ और बेटी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद कातिल मौके से फरार हो गया है। फ़िलहाल उसकी तलाश में पुलिस की टीम को रवाना कर दिया गया है।

### पत्थर खदान में मिली महिला की लाश

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ढाबाडीह गांव के बंद पड़े पत्थर खदान में अज्ञात महिला की लाश मिली है। महिला का शव खदान में पानी के अंदर मिला। पानी के बाहर आस-पास खून और घसीटने के निशान भी मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। महिला की कुर्ती की जेब से पांच-पांच सौ रुपए की 3 गड्डियां भी बरामद हुई हैं। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। घटना बलौदाबाजार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। फिलहाल, महिला की पहचान नहीं हुई है।

### छत्तीसगढ शराब घोटाला : अरुण पति त्रिपाठी के खिलाफ अब सीबीआई करेगी जांच

**रायपुर (आरएनएस)।** छग में शराब में हुए कथित भ्रष्ट्राचार के मामले में घिरे भारतीय दूर संचार सेवा (आईटीएस) के अफसर अरुण पति त्रिपाठी के खिलाफ अब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई जांच करेगी। छत्?तीसगढ़ सरकार ने त्रिपाठी के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। बता दें कि त्रिपाठी भारतीय दूर संचार सेवा के अफसर हैं और छत्?तीसगढ़ में प्रति?नियुक्ति पर सेवाएं दे रहे थे। यहां आबकारी विभाग में विशेष सचिव रहने के दौरान उन पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। त्रिपाठी के खिलाफ ईडी और एसीबी की जांच चल रही है। त्रिपाठी के खिलाफ झारखंड में भी शराब घोटाला का आरोप लगा है।

### मुख्यमंत्री साय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीआरपीएफ के बस्तरिया बटालियन परिसर में लगाया नीम का पौधा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन 241 वाहिनी के परिसर में नीम का पौधा रोपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनूठा प्रयास है, जिसमें सभी लोग स्वस्फूर्त अपनी भागीदारी दे रहे हैं। साय ने सभी से एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण का उपहार देते हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के बाद अचानक सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन के कैंप पहुंचे थे। वृक्षारोपण के दौरान सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन के सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे।

रायगढ़ में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी

## चक्रधरनगर पुलिस ने बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल में शराब तस्करी करते दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 20 लीटर शराब जब्त

- जूटमिल पुलिस ने शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया, भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी शराब बरामद
- अवैध शराब पर कोतवाली पुलिस की छापेमारी: 38 पाव अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार
- ग्राम पंडरीपानी में धरमजयगढ़ पुलिस ने 15 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ा
- महंतपारा घरघोड़ा में पुलिस का छापा: 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार
- छाल पुलिस ने ऐड़कला में अवैध शराब पर की छापेमारी, 9 लीटर महुआ शराब बरामद

**रायगढ़।** एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देश पर रायगढ़ जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में चक्रधरनगर पुलिस ने आज नाकेबंदी के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने डिग्री कॉलेज के पास मेन रोड पर बिना नंबर की सुजुकी मोटरसाइकिल से शराब तस्करी कर रहे जयप्रकाश खड़िया (28) और फूलचंद खड़िया (42) को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 2,000 रुपये थी, बरामद की गई, साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट वाली सुजुकी मोटरसाइकिल भी जब्त की।

**जूटमिल में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 39 पाव शराब की जब्त-**जूटमिल पुलिस ने कल मौहापारा के मालधक्का रोड पर घेराबंदी कर वसीम अली (21) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक बोरी में 15 पाव देशी प्लेन, 12 पाव अंग्रेजी गोवा, 8 पाव मैकडावेल्स न.1 और 4 पाव इम्पिरियल ब्लू शराब बरामद की गई, जिनकी कुल कीमत 6,350 रुपये थी।

**कोतवाली पुलिस की बड़ी छापेमारी, 38 पाव अंग्रेजी शराब की बरामदगी -** कोतवाली पुलिस ने रामगुड़ीपारा तेलीपारा में अवैध शराब रखने की सूचना पर छापेमारी की और रमेश ठाकुर (37) के कब्जे से 38 पाव अंग्रेजी गोवा स्प्लेंडर शराब जब्त की, जिसकी कीमत 4,940 रुपये थी। इसके साथ ही बिक्री की रकम 260 रुपये भी बरामद की गई।

**महंतपारा घरघोड़ा में घेराबंदी कर गिरफ्तार की गई महिला से अवैध शराब जप्त -** घरघोड़ा पुलिस ने आज महंतपारा क्षेत्र में घेराबंदी कर सुबरन महंत (27) को गिरफ्तार किया। तलाशी में महिला के पास से 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 15 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 2,250 रुपये थी। पुलिस ने इसे जब्त कर आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

**धरमजयगढ़ में शराब तस्करी, 15 लीटर महुआ शराब जब्त -** धरमजयगढ़ पुलिस ने कल ग्राम पंडरीपानी में धायदराम चौहान के घर पर रेड कर 15 लीटर महुआ शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीब 1,500 रुपये थी।

**छाल पुलिस ने ऐड़कला में शराब रेड कार्रवाई की -** छाल पुलिस ने कल ग्राम ऐड़कला में एक घर पर छापा मारते हुए लेखराम राठिया (30) से 9 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत 900 रुपये थी।

जिले भर में इस प्रकार की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, और पुलिस की सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रखने में मदद मिल रही है।

## माड़ में मुठभेड़ खत्म : इंसास, एसएलआर समेत 6 हथियार बरामद, सबसे लंबे समय तक चला ऑपरेशन

कांकेर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में अब तक का सबसे लंबा नक्सल ऑपरेशन लांच किया गया था। यह ऑपरेशन 3 दिनों तक चला। 3 रात कड़ाके ठंड में नक्सलियों से सामना करने के बाद जाबांज जवानों की टुकड़ी वापस लौट रही है। जवानों ने तीन दिन के इस बड़े ऑपरेशन में 40 लाख के 5 ईनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वहीं इंसास और एसएलआर समेत 6 हथियार भी बरामद किए हैं।

15 नवंबर की रात जवानों की टीम अलग-अलग इलाकों से नक्सलियों की एक बड़ी पार्टी को घेरने निकली थी। जावानों को सूचना मिली थी कि, नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर अभय माड़ इलाके में मौजूद है। 16 नवंबर की सुबह 7 बजे जवानों का नक्सलियों से सामना हुआ दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई और शुरू में ही तीन नक्सली ढेर कर दिए गए, इसके बाद दोपहर तक 5 नक्सली मारे गए।

जवानों ने नक्सलियों के शव के साथ उनके हथियार भी जब्त कर लिए थे, लेकिन जवानों का मुख्य टारगेट सेंट्रल कमेटी मेंबर अभय था। इस वजह से जवान रात भर डटे रहे। देर रात जंगल से भागने की फिराक में नक्सलियों ने जवानों पर फिर फायरिंग शुरू कर दी,

## देवी के छत्र सहित लगभग 2 लाख की चोरी

कोरबा | आरएनएस

जिलान्तर्गत नगर पंचायत पाली में चोरी का सिलसिला अनवरत जारी है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि नगर पंचायत पाली के आस्था स्थल में चोर द्वारा घुस ताला तोड़कर चांदी के छत्र, मुकुट, अन्य आभुषण सहित दान पेटी ले गए। इसकी रिपोर्ट पाली थाने में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक 1 मादन रोड मुख्य मार्ग स्थित आस्था स्थल में पुजारी पंडित प्रमोद तिवारी प्रतिदिन की भांति रात 9 बजे आस्था स्थल का कपाट बंद कर घर चले गए। जो पुन: प्रात:कालीन पूजा अर्चना के लिए आस्था स्थल पहुँचे। मुख्य दरवाजा खोल कर अंदर प्रवेश करते ही उसका माथा ठनक गया। आस्था स्थल के गर्भगृह का ताला टूटा हुआ था। पास में एक त्रिशूल पड़ा हुआ मिला। आस्था स्थल के अंदर प्रवेश करने पर माता काली की प्रतिमा पर छत्र, मुकुट सहित अन्य देवी-देवताओं के छत्र और मुकुट, गहने आदि गायब थे। वहीं दान पेटी भी नहीं दिखी। इसकी खबर उन्होंने आस्था स्थल के मुख्य संचालक राजेंद्र गुप्ता को देते हुए पाली पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पाली पुलिस ने आस्था स्थल मुआयना कर इसकी उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इस सूचना के पश्चात कुछ घंटे बाद डाक स्क्वायड की टीम घटना स्थल पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण करी। डॉग ने आस्था स्थल के पीछे कुछ दूरी पर घनी झाड़ियों में दान पेटी को देखा। जो खुला था और दान की रकम गायब थी।

अनुमान लगाया जा रहा हैं की आस्था स्थल के दरवाजे को तोड़कर चोरों ने आस्था स्थल के अंदर प्रवेश किया है। पाली क्षेत्र मे विगत 3 महीने में छोटी-बड़ी चोरी की कई घटनाएं हुई है।

## सौम्या चौरसिया, मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर को आईओडब्लू ने कोर्ट में किया पेश, आबकारी घोटाले में तीन आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान किया प्रस्तुत

रायपुर | आरएनएस

आर्थिक अपराध शाखा (श्वह्रङ्ख) और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (रूष्टक्च) ने आज तीन अहम मामलों में आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है. रूष्टक्च/श्वह्रङ्ख ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सौम्या चौरसिया, कस्टम मिलिंग मामले में पूर्व एमडी मनोज सोनी और कारोबारी रोशन चंद्राकर को कोर्ट में पेश किया गया है. वहीं आबकारी घोटाला मामले में तीन आरोपियों अनिल टुटेजा, सुनील दत्त और विकास अग्रवाल के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है.



**आय से अधिक संपत्ति मामला**

आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को आज श्वह्रङ्ख ने कोर्ट में पेश किया. सौम्या चौरसिया पहले से ही कोयला घोटाले मामले में जेल में बंद हैं. 10 दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें रूष्टक्च/श्वह्रङ्ख की विशेष अदालत में पेश किया गया.

**कस्टम मिलिंग मामला**

कस्टम मिलिंग घोटाले में गिरफ्तार मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी और कारोबारी रोशन चंद्राकर को भी श्वह्रङ्ख ने कोर्ट में पेश किया. इनकी 15 दिन की पुलिस रिमांड समाप्त हो गई थी. हालांकि, श्वह्रङ्ख ने उनकी और रिमांड की मांग नहीं की.

**आबकारी घोटाला मामला**

आबकारी घोटाले में श्वह्रङ्ख ने आज तीसरा पूरक चालान कोर्ट में पेश किया. यह चालान करीब 2,000 पन्नों का है, जिसमें तीन आरोपियों- अनिल टुटेजा, सुनील दत्त, और विकास अग्रवाल के खिलाफ दस्तावेज शामिल हैं. यह चालान रूष्टक्च/श्वह्रङ्ख की विशेष अदालत में दाखिल किया गया.

## विचरण के दौरान नुकीले ठूंठ में गिरने के कारण हुई नवजात हाथी की मृत्यु

- वन्यप्राणी अपराध से संबंधित किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु/प्रमाण नहीं पाया गया

रायगढ़

वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़, वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी बोरो के सूचनानुसार17 नवम्बर 2024 को रुवांफूल परिसर के कक्ष क्रमांक 667 आर.एफ. स्थानीय नाम प्रधानझरिया नामक स्थल में वन्यप्राणी जंगली हाथी (नवजात) की मृत्यु की सूचना परिसर रक्षक रुवांफूल द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी बोरो को दिया गया। तत्पश्चात सूचना पाकर वन परिक्षेत्र बोरो अपने अधिनस्थ वन कर्मचारियों के साथ मौका स्थल पर गये। प्रधानझरिया नामक स्थल कक्ष क्रमांक 667 आर.एफ.में सघन जांच की गई, जिसमें जंगल के अंदर एक मृत वन्य प्राणी हाथी (नवजात) के अवशेष मिले तथा जांच में आस-पास हाथी के दल का विचरण के निशान व जगह-जगह लीद पाये गये। परिक्षेत्र अंतर्गत उक्त कक्ष क्रमांक एवं आस पास में 29 अक्टूबर 2024 से 1 नवम्बर 2024 तक हाथियों का दल का विचरण था, जिसकी सतत् निगरानी की जा रही थी। मौका स्थल दुर्गम पहाड़ी एवं कलान क्षेत्र है। जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रात्रि होने के कारण मौका स्थल में पड़े अवशेष को सुरक्षित निगरानी में वन परिक्षेत्राधिकारी बोरो द्वारा रखा गया।

18 नवम्बर 2024 को धरमजयगढ़ वनमंडल एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ की उपस्थिति में पशु चिकित्साधिकारियों की गठित जिला स्तरीय टीम के सदस्यों के द्वारा मौके पर उपस्थित होकर मृत हाथी (नवजात)के अवशेष का जांच किया गया। मृत हाथी (नवजात) के अवशेष जांच के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट द्वारा यह बताया गया कि प्रथम दृष्टया हाथी (नवजात) की मृत्यु दल के साथ विचरण के दौरान नुकीले ठूंठ में गिरने के कारण हुई है। जांच उपरांत मृत हाथी (नवजात) के अस्थी (बोन)एवं मल (फीकल) का सेम्पल अग्रिम जांच हेतु सुरक्षित रखा गया। तत्पश्चात् जंगल में सुखी लकड़ी सग्रहण कर हाथी (नवजात) के अवशेष को पंचों के समक्ष विधिवत् मृत हाथी (नवजात) के अवशेष का दहन किया गया। मृत हाथी (नवजात)के अवशेष स्थल से क्रमश: 10 मीटर, 100 मीटर एवं 01 किलोमीटर त्रिज्या में सघन जांच ग्रामीणों के साथ किया गया। जिसमें वन्यप्राणी अपराध से संबंधित किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु/प्रमाण नहीं पाया गया। प्रकरण में हाथी शावक के मृत्यु का पता विलंब से लगने के संबंध में उपवनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ को जांच हेतु लेख किया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## छत्तीसगढ़ में नक्सल आपरेशन में मिल रही सफलता की पूरे देश में हो रही है प्रशंसा : मुख्यमंत्री

- -बस्तर से नक्सल उन्मूलन में सुरक्षा जवानों की है अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका
- बस्तर प्रवास के दौरान जवानों का उत्साह बढ़ाने मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे सीआरपीएफ कैंप
- जवानों के आग्रह पर सीआरपीएफ कैंप सेडवा में मुख्यमंत्री ने किया रात्रि विश्राम

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीआरपीएफ के जवानों से कहा कि पिछले 11 महीनों के दौरान आप लोगों ने जिस तरह नक्सली आतंक को खत्म करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। आप लोग परिवार से दूर रहकर और सुख-सुविधाओं को त्याग कर बस्तर के विकास में जो योगदान दे रहे हैं, उससे आप लोगों ने यहां के जनजातीय समुदायों के हृदय में अपने लिए हमेशा हमेशा के लिए जगह बना ली है। साय बस्तर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेडवा कैंप में जवानों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अचानक सीआरपीएफ कैंप पहुंचने पर आश्चर्यमिश्रित खुशी के साथ ही जवानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षा बलों के जवानों से आत्मीयतापूर्वक संवाद करते हुए कहा कि जब मैं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में चित्रकोट आया था, तो मेरी बड़ी इच्छा थी कि मैं आप सब जवानों से मिलूं। पिछले 11 महीनों में छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर जो सफलता मिली है, उसमें आप सभी का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। मैं आप सभी के साहस को नमन करता हूं। नक्सल अभियान में आप सभी को जो सफलता मिल रही है, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जब भी मेरी मुलाकात होती है तो वे नक्सल अभियान में छत्तीसगढ़ को मिल रही सफलता का जिक्र जरूर करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह का नक्सल ऑपरेशन में सतत मार्गदर्शन और सहयोग मिलते रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में हमने नक्सलवाद को वर्ष 2026 तक समूल नष्ट करने का संकल्प लिया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भी यही संदेश है। बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने अल्प अवधि में ही 200 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया है। 740 से ज्यादा माओवादी कैडर्स ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे हिंसा त्याग कर लोकतंत्र की मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं।शासन ने हिंसा का त्याग करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए ऐसी नीति बनाई है कि आने वाले दिनों में और भी बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे। सुरक्षा बल के जवानों द्वारा कैंप में रात्रि विश्राम करने के आग्रह पर उन्होंने कैंप में रात्रि विश्राम भी किया।